www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-139 | सागवाड़ा, शनिवार, 21 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## करावा में लकड़ियों से भरा ट्रोला ज़ब्त, जप्त लकड़ियाँ पंचायत को सौंपी

**कराड़ा करियाणा और झाखरी इन तीन ग्राम पंचायतों में अवैध गतिविधियों का संचालन रोकने में पुलिस और प्रशासन नाकाम**



कराडा के पास पाडा में क्वाट्ज निकालने खोदी गई ज़मीन



कराड़ा गांवों में लकड़ियों से भरे ट्रोले को जप्त कर पहुँचे सागवाडा तहसीलदार एवं पुलिस की टीम।

**सागवाडा।** कराड़ा, करियाणा गड़ा वासण और झाखरी क्षेत्र में न सिर्फ़ क्वाट्ज पत्थर का अवैध खनन हो रहा है बल्कि अब पेड़ों की अवैध कटाई का मामला भी सामने आया है। सागवाडा डिप्टी और तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए कराडा में लकड़ियों से भरा एक ट्रोला ज़ब्त किया है। सागवाडा उपखंड क्षेत्र के कराड़ा, करियाणा गड़ा वासण और झाखरी क्षेत्र में इस तरह के अवैध गतिविधियों के संचालन रोकने में पुलिस और प्रशासन की नाकामी सामने आ रही है। कराड़ा करियणा, झाखरी, पाडा पडोली सहित आस पास के क्षेत्र में अवैध रूप से न सिर्फ़ क्वाट्ज पत्थर खोद के निकाले जा रहे हैं बल्कि पेड़ों की कटाई भी अंधाधुंध हो रही है। कराड में धर्म काँटा के ठीक पहले ही काटे गए पेड़ों का डिपो बना रखा था जहाँ पर ट्रोला भरा जा रहा था। मौके पर सागवाडा डिप्टी विक्रम सिंह, तहसीलदार डॉ. रमेशचंद्र वढ़ेरा और सरोदा थाना प्रभारी पहुंचे। डिप्टी विक्रम सिंह ने बताया कि वन विभाग को भी इसकी सूचना दी गई थी।

डिप्टी ने बताया कि एक ट्रोले को ज़ब्त कर लिया गया है साथ ही मौका पर्चा बनाया गया है । तहसीलदार डॉ. रमेशचंद्र वढ़ेरा ने बताया कि कटी हुई लकड़ियाँ ज़ब्त कर संबंधित पंचायत को सौंप दी गई है आगे की कार्रवाई पंचायत विभाग की ओर से की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि आस पास के जंगलों से दिन रात बबूल की लकड़ियों की कटाई की जा रही है जिसका भंडारण यहाँ किया जा रहा था रोज़ 2-3 ट्रक यहाँ से लकड़ियों के निकाले जा रहे थे। इधर, ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस क्षेत्र में खनन माफ़िया भी सक्रिय हैं। बिना नंबर की एलएंटी मशीन और जेसीबी मशीनें दिन रात पहाड़िया खोद रही है।

## मादा पैंथर के साथ शावक खेतों में दुबके

**लोगों ने घेरा डालकर पत्थर मारे, पेड़ पर चढ़े शावक को लोगों ने पकड़कर रस्सी से बांध दिया**



**सीमलवाड़ा।** चौरासी थाना क्षेत्र के मांडेला उपली गांव में एक मादा पैंथर के साथ उसका शावक नजर आने के बाद लोगों ने घेरकर पत्थर मारे। मादा पैंथर जंगल में भाग गई, लेकिन शावक एक पेड़ पर चढ़ गया। जिसे लोगों ने चारो तरफ से घेरकर पकड़ लिया और रस्सियों से उसके चारो पैर बांध दिए। मौके पर पहुंची वन विभाग ने टीम ने शावक को कब्जे में लेकर पशु दवाखाना डूंगरपुर कार्यालय में पशु चिकित्सक द्वारा उपचार शुरू किया। चोरासी थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया कि सूचना मिली थी कि मांडेली उपली गांव में एक पैंथर और शावक नजर आए है, बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर दोनों को दौड़ा रहे है। सूचना पर एएसआई सुरेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह सहित पुलिस जाब्ता मांडेला उपली गांव पहुंचे। एक पैंथर ने दो बकरियों का शिकार किया। इसके बाद पैंथर और शावक खेतों में फसल के बीच जाकर छुप गए। शुक्रवार दोपहर के समय लोगो को पैंथर और शावक खेतों में नजर आए। इस पर लोग हल्ला मचाते हुए खेतो के चारो ओर इकट्ठे हो गए। लोगो के हल्ला करने पर पैंथर और उसका शावक भागने लगे। मादा पैंथर जंगल की तरफ भाग गई। लेकिन शावक भाग नहीं सका और एक पेड़ पर चढ़ गया। लोग भी पेड़ के चारो ओर इकट्ठे हो गए। वही लोगो ने घेरकर शावक को पकड़ लिया। इसके बाद शावक के चारो पैर रस्सियों से बांध दिए। सूचना पर चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वही आंतरी रेंजर चंद्रजीत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चोंट लगने से पैंथर का शावक घायल होकर बेसुध हो गया। वन विभाग ने डेढ़ साल के पैंथर के शावक को कब्जे में लिया। इसके बाद उसे पशु चिकित्सालय लेकर आए। जहा उसका इलाज करवाया गया। डीएफओ सुगनाराम जाट ने बताया की पैंथर का शावक अभी सुरक्षित है और उसका इलाज करने के बाद वापस जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## मुस्लिम समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**सागवाड़ा।** मुस्लिम समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सागवाड़ा के महिपाल खेल मैदान में 22 जनवरी से 17 फरवरी तक होगा। मुस्लिम समाज खेल कमेटी के रमीज राजा ने बताया कि हर रविवार दो-दो मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिले की आठ टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता में डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सीमलवाड़ा, गलियाकोट, चीतरी एवं सागवाड़ा के मुस्लिम समाज के खिलाड़ी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 जनवरी को होगा। मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार होंगे।

## भाटिया नाई समाज का चतुर्थ सामूहिक विवाह 7 को, नवनियुक्त अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**सागवाड़ा।** पुनर्वास कॉलोनी में भाटिया नाई समाज चौखला साहेठ के छात्रावास भवन में नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि निवर्तमान चौखला अध्यक्ष सुखलाल चीतरी थे। अध्यक्षता भिखालाल विराट ने की। विशिष्ठ अतिथि पूर्व कुवैत मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल सागवाड़ा थे। मुख्य वक्ता 16 चौखला अध्यक्ष जवाहर भाटिया भीलूड़ा थे। मीडिया प्रभारी अर्जुन भाटिया सागवाड़ा ने बताया कि अतिथियों नेज्वाला माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। नवनियुक्त अध्यक्ष भिखालाल का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा। स्वागत उद्बोधन भिखालाल विराट ने दिया। निवर्तमान अध्यक्ष सुखलाल ने दो साल के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता जवाहर भाटिया ने बताया कि समाज का ये चतुर्थ सामूहिक विवाह पहली बार गौरेश्वर धाम स्थित ज्वाला माता मंदिर में होगा जिसमें 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। आयोजन का लेकर आर्थिक रूप से भामाशाहों ने अपना योगदान दिया है। अन्य भामाशाहों ने कन्यादान के लिए अलमारी, गैस, मिक्सर, चांदी की बंगडिया, चांदी के पायल, जैसी कई वस्तुएं भेट करने की घोषणाएं की गई।

## युवा सप्ताह के तहत हुई विविध गतिविधियां

**सागवाड़ा।** भीखाभाई भील राजकीय महाविद्यालय में युवा सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र पाटीदार ने विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिए कटिबद्ध होने का आह्वान किया। रोहित मीणा ने स्वामी विवेकानन्द का जीवन परिचय व उपलब्धियों की जानकारी दी। बदरी प्रसाद यादव ने विवेकानन्द के आदर्शो का अनुसरण करते हुए विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य में संलग्न रहने की अपील की। संचालन डॉ. कृष्णबलदेव सिंह राठौड ने किया। युवा सप्ताह के तहत नशामुक्ति पर व्याख्यान डॉ. पाटीदार, डॉ. राठौड़ व मीणा ने नशे के प्रभाव व परिणाम बताते हुए युवाओं को नशे में दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। राष्ट्रीय एकता, चुनौतियां व समाधान विषय पर निबंध प्रतियोगिता, नेतृत्व क्षमता विकास पर कार्यशाला, केरियर काउंसिलिंग पर सेमीनार, चित्रकला विभाग में डॉ. यशपाल बरण्ड़ा के निर्देशन में विवेकानन्द पर चित्रकला प्रतियोगिता में संजना यादव, पवन डाबी तथा शिवानी जोगी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

## प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार देने की मांग, पंचायत समिति सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के सभी 10 पंचायत समिति सदस्यों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। पंचायत समिति सदस्यों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं मांगें पूरी नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सुरपुरा ने कहा कि पंचायतीराज की त्रिस्तरीय व्यवस्था में पंचायत समिति सदस्य महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन प्रधान के मतदान के बाद पंचायत समिति सदस्यों का औचित्य जीरो हो जाता है। पंचायत समिति सदस्यों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास और मतदाताओं को किसी भी तरह की सुविधाएं प्रदान करने का कोई अधिकार नहीं है। वे केवल पंचायत समिति की साधारण सभा की कोरम पूर्ति के संसाधन मात्र बनकर रह गए हैं। ऐसे में पंचायत समिति सदस्यों ने सरकार से उनकी समस्याओं का समाधान और अधिकार देने की मांग की है। धरने और प्रदर्शन के बाद पंचायत समिति सदस्य संघ ने जिला कलेक्टर को सीएम और ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। पंचायत समिति सदस्य संघ ने सरपंच, प्रधान और जिला प्रमुख की तरह प्रशासनिक अधिकार देने, अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित अनुपात में बजट उपलब्ध करवाने, वार्डों में पंचायत समिति मद से विकास कार्य स्वीकृत करवाने के लिए सरपंच की जगह पंचायत समिति सदस्यों से प्रपत्र 5 की स्वीकृति देने, मासिक मानदेय 10 हजार करने, यूसी, सीसी पर पंचायत समिति सदस्यों के हस्ताक्षर अनिवार्य करने, विकास कार्यों के शिलालेख पर पंचायत समिति सदस्यों का नाम लिखे जाने सहित कई मांगें की हैं।

## पेड़ से गिरने से स्टूडेंट की मौत, नीम की दातुन तोड़ते समय संतुलन बिगड़ने से गिरा

**डूंगरपुर।** धम्बोला थाना क्षेत्र के वक्तापुर गांव में शुक्रवार को पेड़ से गिरने से एक नाबालिग छात्र की मौत हो गई। 9 वर्षीय बालक घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ पर दातुन तोड़ने के लिए चढ़ा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने पर बालक गिरने से उसकी मौत हो गई। सीमलवाड़ा मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। धम्बोला थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया कि झलाई पंचायत के वक्तापुर गांव निवासी दिनेश (9) पुत्र नवलसिंह डामोर चौथी कक्षा का छात्र है। सुबह दिनेश के परिवार के लोग अपने काम में लगे थे। इस दौरान दिनेश डामोर घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ पर दातुन तोड़ने के लिए चढ़ गया। नीम की दातुन तोड़ते समय दिनेश का संतुलन बिगड़ गया और पेड़ से नीचे आ गिरा। इससे वह बेहोश गया। दिनेश को बेहोशी की हालत में परिजन सीमलवाड़ा अस्पताल लेकर पहुंचे।

जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद दिनेश को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों ने धम्बोला थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी पहुंची। घटना की जानकारी लेते हुए शव को सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक 9 वर्षीय दिनेश डामोर तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। वहीं, दिनेश के पिता मजदूरी का कार्य करते हैं। दिनेश की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुला हाल है।





